# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में राज्य स्तरीय बुनकर पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा??

(A) सोहनराम

(B) कानाराम

(C) धापूबाई

(D) इनमें से कोई नही

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में राज्य स्तरीय बुनकर पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार के लिए जालोर के डूंगांव निवासी श्री कानाराम को कॉटन एवं सिल्क साड़ी के उत्कृष्ट निर्माण के लिए सम्मानित किया जाएगा।

द्वितीय पुरस्कार नागौर के टांकला निवासी श्री सोहनराम को कलात्मक दरी के लिए तथा तृतीय पुरस्कार झालावाड़ के असनावर निवासी श्रीमती धापूबाई को तोता गागरौनी डबल बेडशीट के लिए प्रदान किया जाएगा।

**Yesterday, : Revision**

प्रश्न 1: प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और संचालन में देश में प्रथम स्थान किस राज्य ने प्राप्त किया है?उत्तर: राजस्थान, जहाँ पात्र लाभार्थियों को मात्र ₹450 में LPG गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

प्रश्न 2: देश की पहली समर्पित 'लेक्रोस अकादमी' राजस्थान में कहाँ विकसित की गई है?उत्तर: महाराणा प्रताप खेलगांव, उदयपुर में।

प्रश्न 3: 'पट्टू साड़ी' की विशेष डिजाइन और उत्कृष्ट शिल्प के लिए राष्ट्रपति द्वारा किसे 'राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है?उत्तर: बाड़मेर (राजस्थान) के युवा बुनकर श्री बरीगा राम को।

प्रश्न 4: अजमेर में आयोजित 7वीं राजस्थान राज्य बधिर शतरंज स्पर्धा के पुरुष वर्ग में पहला स्थान किसने प्राप्त किया है?उत्तर: जयपुर के दीपक कुमार लालवानी ने।

प्रश्न 5: राजस्थान में नगरीय निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव एक साथ कराने ('वन स्टेट, वन इलेक्शन') के प्रस्ताव को किसने मंजूरी दी है?उत्तर: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति-2026' और 'फूड पार्क विकास नीति-2026' को हरी झंडी दे दी है।

(B) इससे मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए 'श्रीअन्न प्रमोशन एजेंसी' बनेगी और 1.5 करोड़ रुपये तक का अनुदान मिलेगा।

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान सरकार ने 7 अगस्त 2026 को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 'राजस्थान फूड पार्क विकास नीति, 2026' और 'राजस्थान कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति, 2026' को मंजूरी दे दी है।

- इस नीति का उद्देश्य राज्य में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहित करना, है।राज्य के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से क्लस्टर आधार पर फूड पार्क बनाए जाएंगे।
- कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों, श्रीअन्न इकाइयों तथा प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयों के लिए 50 लाख रुपए तक के ऋण पर 60 प्रतिशत, 50 से 100 लाख रुपए तक के ऋण पर 50 प्रतिशत और एक करोड़ रुपए से अधिक के ऋण पर 40 प्रतिशत की दर से (अधिकतम 1 करोड़ 50 लाख रुपए तक) का पूंजीगत अनुदान देय होगा।
- एफपीओ, टीएसपी क्षेत्रों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 5 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान का विशेष प्रावधान रखा गया है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 7 अगस्त 2026 को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 'राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024' के संशोधनों को मंजूरी दी है।

(2) इसके तहत पावर इवैक्यूएशन हेतु प्रसारण तंत्र की अधिकतम समय-सीमा 3 वर्ष से घटाकर 2 वर्ष की गई

**सही कथन चुनिए:**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 7 अगस्त 2026 को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 'राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024' के संशोधनों को मंजूरी दी गई।
- इस संशोधन का उद्देश्य प्रदेश में ग्रीन एनर्जी के विकास को गति देना, निवेश को बढ़ावा देना और ट्रांसमिशन तंत्र को और अधिक सुगम बनाना है।
- बैटरी स्टोरेज परियोजनाओं के लिए फिक्स पंजीकरण शुल्क के स्थान पर क्षमता आधारित स्लैब व्यवस्था लागू होगी
- 50% या अधिक बैटरी स्टोरेज क्षमता वाली परियोजनाओं को पंजीकरण शुल्क में छूट मिलेगी
- पावर इवैक्यूएशन हेतु प्रसारण तंत्र की अधिकतम समय-सीमा 3 वर्ष से घटाकर 2 वर्ष की गई
- वर्ष 2030 तक राज्य में 125 गीगावाट (GW) स्वच्छ ऊर्जा क्षमता हासिल करना।

**03.भारतीय वायुसेना का बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास 'तरंगशक्ति-2026 सितम्बर माह में कहां आयोजित किया जाएगा?**

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारतीय वायुसेना का बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास 'तरंगशक्ति-2026' सितम्बर के अंत से जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर शुरू होगा।
- 26 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस अभ्यास में अमरीका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, ग्रीस, सिंगापुर, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित कई देशों की वायुसेनाएं लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टरों के साथ भाग लेंगी।
- 18 देशों के सैन्य पर्यवेक्षक भी मौजूद रहेंगे, जबकि भारत ने 51 देशों को आमंत्रित किया है।
- 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद यह पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास होगा।
- इसमें तेजस, रफाल, सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000, मिग-29, जगुआर, प्रचंड और रुद्र हेलीकॉप्टर सहित भारतीय वायुसेना की प्रमुख ताकत नजर आएगी। डिफेंस एक्सपो में स्वदेशी रक्षा तकनीक का प्रदर्शन भी होगा।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) छठा राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 17 से 19 सितंबर, 2026 तक जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

(2) इस वर्ष राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट की थीम 'स्टोरीज़, जर्नीज़, स्माइल्स' है।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजधानी जयपुर में आगामी राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) के छठे संस्करण और जोधपुर में मारवाड़ ट्रैवल मार्ट के पहले संस्करण के प्रचार-प्रसार के लिए बीकानेर के नरेंद्र भवन में रोड शो का सफल आयोजन हुआ।

- इस वर्ष आरडीटीएम और एमटीएम की थीम 'स्टोरीज़, जर्नीज़, स्माइल्स' है। कार्यक्रम का आयोजन फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जा रहा है
- छठा राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 17 से 19 सितंबर, 2026 तक जयपुर में आयोजित किया जाएगा। इसमें देशभर से करीब 300 ट्रैवल एजेंट्स और राजस्थान के 700 से अधिक प्रॉपर्टीज़ और टूर कंपनियां भाग लेंगी।
- वहीं, 20 से 22 सितंबर, 2026 तक जोधपुर में पहले मारवाड़ ट्रैवल मार्ट (एमटीएम) का आयोजन होगा।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

05. किस राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अब पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPPP) मॉडल को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की तैयारी की जा रही है?

(A) हरियाणा

(B) मध्यप्रदेश

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

‘ ■ राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अब पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की तैयारी की जा रही है।

👁️‍🗨️ प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए PPP मॉडल को एक साथ पूरे राज्य में लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा,

👁️‍🗨️ राज्य की जरूरतों और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए PPP मॉडल के विभिन्न विकल्पों का अध्ययन किया जाएगा।

जयपुर, शुक्रवार, 07 अगस्त, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-169

1. **राजस्थान** में सिकल सेल एनीमिया के उपचार एवं प्रबंधन के लिए किस जिले में 'सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस फॉर सिकल सेल डिजीज' स्थापित किया गया है?
   (A) बांसवाड़ा (B) डूंगरपुर
   (C) उदयपुर (D) प्रतापगढ़

2. **प्रदेश** में टीबी के संदिग्ध मरीजों की त्वरित, उच्च गुणवत्ता वाली माइक्रोबायोलॉजिकल जांच और 'ड्रग रेजिस्टेंट टीबी' की पहचान के लिए किस मशीन का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है?
   (A) एमआरआई मशीन
   (B) ईसीजी मशीन
   (C) नाट मशीन
   (D) एलिसा रीडर

3. **प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2025-26 में राजस्थान के किस जिले में सर्वाधिक बीमा कवरेज दर्ज किया गया?
   (A) बीकानेर (B) बाड़मेर
   (C) चूरू (D) नागौर

4. **फरवरी** 2026 में सऊदी अरब के रियाद में आयोजित 'एशियन लेक्रोस गेम्स' में राजस्थान के जनजातीय क्षेत्र के खिलाड़ियों ने कौन सा पदक जीता?
   (A) स्वर्ण पदक
   (B) रजत पदक
   (C) कांस्य पदक
   (D) कोई पदक नहीं

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति' के तहत ब्यावर जिले की वनस्पति प्रजाति कौन सी है?
   (A) करंज का पेड़ (B) अमलतास
   (C) कदम्ब (D) बरगद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा किसे पट्टू साड़ी’ डिजाइन और उत्कृष्ट हथकरघा शिल्प के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?**

(A) सोहनराम

(B) कानाराम

(C) बरीगा राम

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine